
# आगम तपोत्सव के समापन पर भक्ति संगीत के साथ 18 अभिषेक महापूजन



सुगनजी महाराज के उपासरे में जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज ने स्वयं मंत्रोच्चारण करते हुए परमात्मा का पंच गव्य, सुगंधि, पुष्प, केसर, चंदन व दूध, कर्पूर, केशर पुष्प से अभिषेक कराया।

- ताड़पत्रों पर हस्तलिखित 45 आगमों की बीकानेर में पहली बार प्रदर्शन किया गया तथा शोभायात्रा निकाली

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज आदि ठाणा व साध्वीश्री विजय प्रभा व प्रभंजनी आदि ठाणा के सानिध्य में गुरूवार को आगम तपोत्सव के समापन पर भक्ति संगीत के साथ 18 अभिषेक महापूजन किया गया।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा ने बताया कि गुरूवार को ढढ्ढा चौक के कोठारी भवन से आचार्यश्री के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ आगम तप के दौरान प्रदत परमात्मा की प्रतिमाओं के साथ अपने घर की प्रतिमाओं को किनार की थाली में लेकर शामिल हुए। जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में 19 दिसम्बर को मेड़ता तीर्थ से आसोतरा तीर्थ तक निकलने वाली छः रि पालित यात्रा संघ में शामिल होने वाली वंदनीय भगवान पार्श्वनाथ तथा दादा गुरूदेव की प्रतिमा को एक वाहन में प्रतिष्ठित कर लाया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रावक-श्राविकाएं चंदन की दो चौकियां पुष्पन के दो हार केसर भरियो बाटको पूजो नैन कुमार के साथ देव, गुरू व धर्म के नारे लगा रहे थे।

सुगनजी महाराज के उपासरे में जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज ने स्वयं मंत्रोच्चारण करते हुए व भक्तिगीत गाते हुए परमात्मा का पंच गव्य, सुगंधि, पुष्प, तीर्थोंदक, केसर चंदन दूध, कर्पूर, केशर पुष्प, सदौषधि आदि से अभिषेक करवाया। मंत्रोच्चारण में मुनि संवेग रतन सागर व भक्ति गीतों में बाल मुनि सहित मुनिवृंद ने भागीदारी निभाई। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज ने हर घर मंदिर हो.., व्हाला आदिनाथ में तो पकड़यों थारो हाथ.., अजब धुन अन्हमनी लागी रे.., पार्श्वनाथ आपके चरणों में वंदना.., पूजा करने आओ के प्रभुजी दर्शन करने तरसे आखंडली.. व जैनम जयती शासनम, अरिहंत मंगलम साहू मंगलम सहित प्रभु भक्ति में लीन करने वाले स्तवन व भजन सुनाकर अभिषेक करने वाले श्रावक-श्राविकाओं को परमात्म भक्ति से सराबोर रखा।

आगम तपोत्सव के समापन व 18 अभिषेक महापूजन में श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ, मंत्री मनीष नाहटा, श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के सदस्य पवन खजांची सहित बड़ी संख्या में तप साधकों ने भागीदारी निभाई।

जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी महाराज के सानिध्य में भवोदधितरक-शिव सुखकारक श्री 45 आगम तप भगवान नमिनथ जन्म कल्याणक दिवस 28 जुलाई से मणिधारी दादा गुरूदेव जिन चन्द्र सूरि जन्म जयंती 11 सितम्बर तक आयोजित किया गया। तप के दौरान ढढ्ढा चौक में आगम वाटिका स्थापित की गई जिसमें बैठकर श्रावक-श्राविकाओं ने नियमित आगमों की पूजा व मंत्र जाप किया था। ताड़पत्रों पर हस्तलिखित 45 आगमों की बीकानेर में पहली बार प्रदर्शन किया गया तथा शोभायात्रा निकाली गई।

जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज के सानिध्य में फलौदी निवासी, चेन्नई प्रवासी मुनि श्रमण रतन सागर महाराज का दीक्षा दिवस साधु जीवन री जय-जयकार करे आदि भक्ति गीतों के तथा अनुमोदना-अनुमोदना के उद्घोष के साथ मनाया गया। सहज, सरल स्वभाव के मुनिश्री ने आगम वाटिका की स्थापना, आगम तप शोभायात्रा, तप व जप तथा आगम तपोत्सव में सक्रिय भागीदारी निभाई। मुनि श्रमण रतन सागर के सांसारिक पुत्र नागपुर प्रवासी रूपेश गुलेछा ने बताया कि उनके पिता सांसारिक नाम शांति लाल गुलेछा की दीक्षा केकड़ी में हुई थी। परिवार के तीन दीक्षाएं बालक-बालिकाओं (पड़ पोत्र-पड़ पौत्री)की हो चुकी है।

उनके पौत्र व उनकी पत्नी की मुकेश व चार्टर्ड एकाउंटेंट शैफाली दो दीक्षाएं दिसम्बर में पालीताणा में होने से पांच दीक्षाएं हो जायेगी। बचपन से ही जैन समाज में समर्पित रहे मुनि श्री ने सांसारिक जीवन के दौरान अनेक दादाबाडियों व जिनालयों के विकास में समर्पित भाव से सेवाएं दी। इन्होंने जैन समाज के साथ अपने निजी जीवन में व्यापार, कार्य व्यवहार में भी प्रतिष्ठा हासिल की। रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में गुरूवार को जैनाचार्य जिन पीयूष सागर महाराज के सानिध्य में बच्चों का शिविर आयोजित किया गया। मुनि शाश्वत रतन सागर ने बच्चों को जैन धर्म व जैन जीवन शैली की मर्म की बातें बताई।

## लाखों की नकदी व जेवर चोरी

**बीकानेर,** (कासं)। भीनासर के सेठिया मोहल्ले में रहने वाले मनीष सेठिया का परिवार हॉस्पिटल गया था। पीछे से चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़े और लाखों रूपए के नकदी-जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस ने आठ दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है।

भीनासर में वार्ड नंबर 6 के सेठिया मोहल्ले में रहने वाले मनीष सेठिया का छोटा भाई अस्पताल में भर्ती था। परिवार के सभी लोग रात को घर पर ताला लगाकर अस्पताल गए थे। चोरों ने देर रात को घर के ताले तोड़े और अंदर घुस गए। घर में दो कमरों को खंगाला और एक में अलमारी में रखे नकदी-जेवरात और दूसरे में 10-15 हजार रूपए नकद निकाल लिए। वारदात को अंजाम देकर चोर फरार हो गए। अगले दिन घर के लोग पहुंचे तो मैन गेट का ताला टूटा मिला और अंदर कमरों से नकदी-जेवरात गायब थे। सूचना मिलने पर गंगाशहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया।

मकान मालिक मनीष ने बताया कि चोर एक कमरे रखी नकदी और दूसरे कमरे से सोने की चैन, मंगलसूत्र, लॉकेट, पेंडल, कड़ा, कान के झुमके दो जोड़ी, अंगूठी, चांदी के सिक्के, पुरानी करेंसी, ज्वैलरी बैग, चांदी का गिलास-कटोरी सहित कुल तीन-चार लाख रूपए का सामान चुरा ले गए।

वारदात को रात करीब 2.25 बजे अंजाम दिया गया। पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे तो दो युवक ताला तोड़ते नजर आए। गली में और कैमरे खंगाले तो उनके फुटेज नजर आए। पास की गली में भी चोरों ने सेंधमारी की लेकिन वहां उनके हाथ कुछ नहीं लगा। लाखों रूपए की चोरी का मुकदमा गंगाशहर थाना पुलिस ने आठ दिन बाद दर्ज किया।

## 23 किलो डोडा-पोस्त सहित गिरफ्तार

**घड़साना,** (कासं)। पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव 15 एलएम से 22 किलो 928 ग्राम डोडा पोस्त के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

एसएचओ कलावती चौधरी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव 15 एलएम में एक व्यक्ति अवैध रूप से पोस्त का कारोबार कर रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव 15 एलएम में बलदेव सिंह (58) पुत्र सुभा सिंह के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के अंदर नरमे की रूई की ढेरी में प्लास्टिक के तीन थैले रखे हुए पाए गए जिनमें कुल 22 किलो 928 ग्राम डोडा डंठल पोस्त बरामद हुआ।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3741 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.11.2024

सर्व साधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भू वाळे चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 29/31 के किला नं. 14, 15 में भूखण्ड माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फौट के नियमन पट्ठा हेतु आवेदक श्रीमती चरणजीत कौर पत्नी थी दर्शन सिंह निवासी मकान नं. 142 राणा प्रताप कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखंड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों रकमे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय समृत आपत्ति सूदना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर व्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यया बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती चरणजीत कौर पत्नी श्री दर्शन सिंह निवासी मकान नं. 142 राणा प्रताप कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 29/31 के किला नं. 14, 15 में भूखण्ड माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्ठा स्वतः ही निरस्त माना जायेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
Ministry of Finance
Department of Financial Services

फा. सं. 19/2/2019 पीआर — द्वितीय तल, जीवन दीप बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001

**पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), नई दिल्ली में अध्यक्ष के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।**

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), नई दिल्ली में अध्यक्ष के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं, जिसका कार्यकाल 5 (पाँच) वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होगा।

पीएफआरडीए के अध्यक्ष का प्रतिमाह का समेकित वेतन और भत्ता, बिना आवास और कार की सुविधा 5,62,500/- रुपए होगा। पद के संबंध में विवरण और पात्रता संबंधी शर्तें मंत्रालय की वेबसाइट http://www.financialservices.gov.in और पीएफआरडीए की वेबसाइट http://www.pfrda.org.in पर दी गई हैं। पूरी तरह भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **30.12.2024 शाम 5.30 बजे** तक है। उम्मीदवार http://rect.pfrda.org.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या योग्यता को स्पष्टतया दर्शाते हुए आवेदन नीचे दिए गए पते पर भेजे जा सकते हैं :

**श्री हरकेश चन्द्र,**
**अवर सचिव, भारत सरकार, वित्तिय सेवाएं विभाग,**
**वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, कमरा नं. 1, द्वितीय तल, जीवन दीप भवन,**
**संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001. दूरभाष सं. 011-23748760**

वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
Ministry of Finance
Department of Financial Services

फा. सं. 19/2/2019 पीआर — द्वितीय तल, जीवन दीप बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001

**पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), नई दिल्ली में पूर्णकालिक सदस्य (वित्त) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।**

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), नई दिल्ली में पूर्णकालिक सदस्य (वित्त) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं, जिसका कार्यकाल 5 (पाँच) वर्ष की अवधि या 62 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होगा।

पीएफआरडीए के पूर्णकालिक सदस्य (वित्त) का प्रतिमाह का समेकित वेतन और भत्ता, बिना आवास और कार की सुविधा के, 5.00 लाख रुपए होगा। पद के संबंध में विवरण और पात्रता संबंधी शर्तें मंत्रालय की वेबसाइट http://www.financialservices.gov.in और पीएफआरडीए की वेबसाइट http://www.pfrda.org.in पर दी गई हैं। पूरी तरह भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **30.12.2024 शाम 5.30 बजे** तक है। उम्मीदवार http://rect.pfrda.org.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या योग्यता को स्पष्टतया दर्शाते हुए आवेदन नीचे दिए गए पते पर भेजे जा सकते हैं :

**श्री हरकेश चन्द्र,**
**अवर सचिव, भारत सरकार, वित्तिय सेवाएं विभाग,**
**वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, कमरा नं. 1, द्वितीय तल, जीवन दीप भवन,**
**संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001. दूरभाष सं. 011-23748760**

वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
Ministry of Finance
Department of Financial Services

फा. सं. 19/2/2019 पीआर — द्वितीय तल, जीवन दीप बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001

**पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), नई दिल्ली में पूर्णकालिक सदस्य (विधि) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।**

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), नई दिल्ली में पूर्णकालिक सदस्य (विधि) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं, जिसका कार्यकाल 5 (पाँच) वर्ष की अवधि या 62 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होगा।

पीएफआरडीए के पूर्णकालिक सदस्य (विधि) का प्रतिमाह का समेकित वेतन और भत्ता, बिना आवास और कार की सुविधा के, 5.00 लाख रुपए होगा। पद के संबंध में विवरण और पात्रता संबंधी शर्तें मंत्रालय की वेबसाइट http://www.financialservices.gov.in और पीएफआरडीए की वेबसाइट http://www.pfrda.org.in पर दी गई हैं। पूरी तरह भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **30.12.2024 शाम 5.30 बजे** तक है। उम्मीदवार http://rect.pfrda.org.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या योग्यता को स्पष्टतया दर्शाते हुए आवेदन नीचे दिए गए पते पर भेजे जा सकते हैं :

**श्री हरकेश चन्द्र,**
**अवर सचिव, भारत सरकार, वित्तिय सेवाएं विभाग,**
**वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, कमरा नं. 1, द्वितीय तल, जीवन दीप भवन,**
**संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001. दूरभाष सं. 011-23748760**


## बीकानेर में डेंगू का प्रकोप जारी,12 नए मरीज मिले

- बीकानेर में जनवरी से अब तक कुल 912 डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं

**बीकानेर,** (कासं)। यहां डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा। बुधवार को मेडिकल कॉलेज से मिली रिपोर्ट के अनुसार 12 नए डेंगू के मामले सामने आये हैं।

12 नए मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता एक बार फिर से बढ़ा दी है। हालांकि पिछले 27 दिनों में 6182 लोगों की जांच में केवल 123 मामले पॉजिटिव पाये गए हैं, जिससे पॉजिटिविटी रेट 2 प्रतिशत रही है।

हेल्थ डिपार्टमेंट के अनुसार बीकानेर में जनवरी से अब तक कुल 912 डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं। दूसरी ओर खासकर बच्चों में मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, जुकाम और निमोनिया के मामलों में भी तेजी से इजाफा हुआ है। पीबीएम के बच्चा अस्पताल में रोजाना 400 से 450 बच्चे इलाज के लिए आ रहे हैं। सेवानिवृत्त डॉक्टर जीएस सेंगर के अनुसार, वर्तमान में वायरल फीवर के मामले अधिक हैं।

हालांकि यह घातक नहीं है और दवाओं के सेवन से कुछ दिनों में ठीक हो जाता है। बच्चा हॉस्पिटल में प्रतिदिन 400 से 450 बच्चे इलाज के लिए आ रहे हैं। रिटायर्ड डॉक्टर जी.एस. संगर ने बताया कि वायरल फीवर इन दिनों बच्चों में तेजी से फैल रहा है। इसमें बुखार के साथ शरीर पर दाने भी निकल रहे हैं। हालांकि यह गंभीर स्थिति नहीं है और सही इलाज के बाद बच्चे तीन से चार दिन में ठीक हो जाते हैं।

चिंता की बात यह है कि डेंगू मरीज शहर के साथ-साथ गांवों में भी मिल रहे हैं। हालांकि हेल्थ डिपार्टमेंट जगह-जगह मच्छर रोधी गतिविधि करने का दावा कर रहा हैं लेकिन जमीनी हकीकत में वह दिख नहीं रहा। गांवों में स्वच्छता की कमी के कारण मच्छरों को प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण मिल जाता है। गांवों में अक्सर कूड़ा-कचरा और गंदा पानी जमा होता है, जो मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल बनता है। गांवों में अक्सर लोग डेंगू और अन्य मच्छर- जनित बीमारियों के बारे में जागरूक नहीं होते हैं।

वायरल बुखार वाले बच्चों को स्कूल या भीड़भाड़ वाली जगहों पर तब तक न भेजें, जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ न हो जाएं। बच्चों को साफ पानी पिलाएं और उनके खाने-पीने की चीजों को कवर रखें।

## ट्रेन की चपेट में आने से दोनों पैर कटे

**गजसिंहपुर,** (कासं)। सूरतगढ़ से श्रीगंगानगर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने पर गांव फौजूवाला के पास एक व्यक्ति के दोनों पैर कट गए। हादसे के बाद ट्रेन द्वारा उसे गजसिंहपुर रेलवे स्टेशन तक लाया गया।

घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राकेश सांखला रेलवे स्टेशन पर जाब्ते सहित पहुंचे और घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान राकेश कुमार पुत्र भगवान दास अरोड़ा निवासी 23 पीएस के रूप में हुई। हादसे के कारण पैसेंजर ट्रेन आधा घंटा देरी से रवाना हुई।

राकेश कुमार अरोड़ा हाल में 23 पीएस में निवास करता है। राकेश का परिवार पहले गजसिंहपुर में रहता था। घटना का पता चलने पर भारी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन व सरकारी अस्पताल पहुंचे।

## मतदाता सूची में नाम नहीं जोड़ने पर नोटिस जारी

- पात्र महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में नहीं जोड़ने पर दस बीएलओ को नोटिस जारी किए

**बीकानेर,**(कासं)। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा में पात्र महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में लक्ष्य के अनुरूप नहीं जोड़ने पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के न्यूनतम प्रगति वाले दस बीएलओ को नोटिस जारी किए गए हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीना ने बताया कि इन बीएलओ द्वारा विधानसभा निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत वंचित पात्र महिला मतदाताओं के नाम नामावली में जोड़ने हेतु दिए गए लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वर्तमान में इसकी समीक्षा करने पर पाया गया कि कई बीएलओ ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं किया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य अनुसार लिंगानुपात में प्रगति ना करने वाले बीएलओ को नोटिस दिया गया है। इन सभी बीएलओ के भाग संख्या की मतदाता सूची में लिंगानुपात जिले के औसत लिंगानुपात 901 से बहुत कम है। इस संबंध में पूर्व भी निर्देश दिए गए थे लेकिन इसके बावजूद संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में लिंगानुपात न्यूनतम है। ऐसे में संबंधित बीएलओ को नोटिस जारी कर 7 दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा निर्वाचन नियमों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उन्होंने बताया कि कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## एस.पी. ऑफिस के आगे से हटेंगे बैरिकेड्स

**बीकानेर,** (कासं)। एसपी ऑफिस के आगे लगे बेरिकेड्स पर आपत्ति जताते हुए न्यायालय ने स्थायी रूप से अवरोधक नहीं लगाने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत परिसर के आसपास टूटी-फूटी सड़कों को दुरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

अपर जिला न्यायाधीश संख्या पांच के समक्ष सीनियर एडवोकेट प्रेम नारायण हर्ष और आनन्द आचार्य ने सहित तीन परिवादियों ने जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में फोटो के साक्ष्य देते हुए कहा गया कि एसपी ऑफिस के आगे मुख्य सड़क को एसपी ऑफिस के निर्देश पर बेरिकेड्स से घेर लिया गया है। इससे आने-जाने का रास्ता अवरूद्ध हो गया है। जिससे लोग परेशान हैं। सार्वजनिक सड़क होने के कारण एसपी ऑफिस को रास्ता रोकने का अधिकार नहीं है। एसपी ऑफिस ने तर्क दिया था कि विरोध प्रदर्शन के कारण बैरिकेड्स लगाये गए हैं। इस पर परिवादियों ने कहा कि इसके लिए अलग से बैरिकेड्स व लोहे के एंगल पहले से लगे हुए हैं।

इसके साथ ही कलेक्टर परिसर के आसपास टूटी फूटी सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग भी रखी गई। अदालत ने इस मामले में सख्त निर्देश दिए हैं कि पब्लिक पार्क के सभी छह गेट से प्रत्येक कार्यालय तक आने व जाने के लिए आमजन के रास्ते को सुचारू किया जायेगा। साथ ही इस रास्ते में आने वाली सभी न्यूसेंस को हटाया जायेगा।

## 116 रोगियों के लैंस प्रत्यारोपित

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय में जुलाई माह में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में रोगियों के नेत्रों की जांच व इलाज किया गया।

गंगाशहर नागरिक परिशद् के सम्पतलाल दुगड ने बताया इस शिविर में बीकानेर जिले के आस-पास के ग्रामीण इलाकों व गंगाशहर, भीनासर से आये ऑपरेशन योग्य चयनित 116 रोगियों में से 9 रोगियों के फेको/फोल्डेबल लैंस पद्धति से व 107 रोगियों के एस.आई.सी.एस. विधि से लैंस प्रत्यारोपित किये गये। ऑपरेशन नेत्र शल्य चिकित्सक डॉ. संजीव सहगल ने किये। अस्पताल अधीक्षक डॉ. मुकेश वाल्मीकि ने बताया कि शिविर में बीकानेर क्षेत्र के दूर दराज गांवों से आये रोगियों की नेत्र शल्य चिकित्सा की गई।

## शहर भाजपा उपाध्यक्ष मेड़तिया पर राजकार्य में बाधा का आरोप

- बीछवाल थानाधिकारी ने कोर्ट में इस्तगासा दायर किया

**बीकानेर,** (कासं)। पुलिस ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के शहर उपाध्यक्ष पर पिछले दिनों किये गए विरोध पर सख्ती दिखाई है।

बीछवाल थानाधिकारी गोविन्द सिंह चारण ने कोर्ट में इस्तगासा दायर कर भगवान सिंह मेड़तिया पर राजकार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। वहीं मेडतिया का कहना है कि हम पिछले कुछ महीनों से हम नशे के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। ये इसका साइड इफेक्ट है। मामले के अनुसार 22 अक्टूबर को बीछवाल पुलिस इंद्रा कॉलोनी के मैन रोड पर नाका लगाकर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। पुलिसकर्मी वाहनों की चैकिंग कर चालान काट रहे थे। इस बीच भाजपा नेता भगवान सिंह मौके पर पहुंचे और चालान काटने पर आपत्ति दर्ज कराई।

मेडतिया के विरोध करने पर थानाधिकारी गोविन्द सिंह भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान दोनों के बीच नोक-झोंक हो गई। तब मेड़तिया ने आरोप लगाया कि बीछवाल पुलिस सदर थाना क्षेत्र में गलियों में चालान काटकर लोगों को परेशान कर रही है। थानाधिकारी ने तब समझाइश का प्रयास किया कि चालान कहीं भी काटे जा सकते हैं लेकिन मेडतिया नहीं मानें। बीछवाल थाना अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पीसीपीएनडीटी एक्ट कोर्ट में आता है, जहां नौ लोगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए थानाधिकारी ने परिवाद दिया है। इसमें भगवान सिंह के अलावा राजू खान उर्फ करीम, सेठी उर्फ फारुख खान, पिचका उर्फ सोफिन, फिरोज भाटी, समीर, बाबू खान, शामुदीन, सत्तार खान शामिल है। पुलिस ने घटना के दिन का वीडियो भी अदालत में पेश किया है। उधर मेडतिया ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से हम नशे के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। नशा तस्करों को रोकने के बजाय उन्हें शरण दी जा रही है।

**प्रदर्शनी का समापन आज :** संविधान दिवस के अवसर पर सूचना केन्द्र में लगाई गई फोटो प्रदर्शनी के दौरान गुरुवार को 'संविधान और हम' विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान नेशनल कैरियर काउंसलर डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली ने कहा कि भारत का संविधान सिर्फ दस्तावेज नहीं यह समता और स्वतंत्रता का प्रतीक है।


MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.12.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बीकानेर, नोखा, 135170700014795, 135170730038268, पंच शती सर्कल, 115300700028662, 8670, 8705, 115300730077425, 7573, श्री डुंगरगढ, 135300700013768, 3777, 135300730038501, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700034958, 7071, 7111, 7112, 7195, 135100730041048, रविन्द्र पथ, 117420700037046, 7054, 7070, 7087, 117420750000058, 0059, सुखाड़िया सर्कल, 117490700021538, 1577, सूरतगढ राजस्थान, 135560700024916, 4929, 135560730052152, 2156,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु


## 'सीमाज्ञान, भू-रूपांतरण और ऑनलाइन सेवाओं का समयबद्ध निस्तारण करें'



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- भूमि आवंटन प्रक्रिया में अनियमितता पाए जाने वाले प्रकरणों में तीन माह में जांच कर रिपोर्ट देने को कहा
- लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने राजस्व न्यायालयों में 5 से 10 वर्ष पुराने लंबित मामलों पर शीघ्र सुनवाई करते हुए प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में उन्होंने राजस्व न्यायालयों के दर्ज व निर्णित मामलों को जीसीएमएस पोर्टल पर अपडेट करने एवं नियमित रूप से राजस्व न्यायालयों की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपखंड और विकास अधिकारियों को लंबित पेंशन सत्यापन प्रक्रिया संबंधी प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निस्तारित करने को कहा। भूमि आवंटन प्रक्रिया में अनियमितता पाए जाने वाले प्रकरणों में आगामी तीन माह में जांच व निरीक्षण कर पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए राजमार्गों पर हुए अतिक्रमण को हटाने तथा निर्धारित सीमा से आगे बढ़े हुए ढाबों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान एलआर एक्ट के तहत विचाराधीन मामलों के निस्तारण में प्रगति लाने, भू-रूपांतरण एवं गैर खातेदारी मामलों का जल्द निस्तारण करने, रोड़ा एक्ट के मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमाज्ञान, भू-रूपांतरण और ऑनलाइन सेवाओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।


Government of India/भारत सरकार
Ministry of Communication/संचार मंत्रालय
Department of Telecommunications/दूरसंचार विभाग
Office of the Controller of Communication Accounts/कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा
Sanchar Lekha Bhawan, Jhalana Doongari Institutional Area, Jaipur-302004
Phone No. 0141-2700608 Email : cca.pension-rj@gov.in

पत्र क्रमांक-आर डॉट/8-2/पेंशन अदालत/2024-25 दिनांक-11.11.2024

पेंशन अदालत

कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा राजस्थान, जयपुर द्वारा दिनांक 06.12.2024 को प्रातः 11.00 बजे कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा राजस्थान, जयपुर में पेंशन अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। जिसमें आप अपनी पेंशन सम्बन्धी अनिर्णित शिकायतें, यदि तीन माह से अधिक पुरानी हो तथा पिछली पेंशन अदालत में शामिल नहीं कि गयी हो, तो दिनांक 02.12.2024, 03.00 बजे अपरान्ह तक इस कार्यालय को डाक द्वारा या ई-मेल cca.pension-rj@gov.in पर भेज सकते है, ताकि उनके निवारण हेतु विचार किया जा सकें। इस पेंशन अदालत में आप स्वयं के खर्चे पर भाग ले सकते हैं।

लेखाधिकारी (पेंशन)
नियंत्रक संचार लेखा राजस्थान, जयपुर

CBC 06219/12/0003/2425